रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 132] नई दिल्ली, शुक्रवार, मई 23, 2003/ज्येष्ठ 2, 1925
No. 132] NEW DELHI, FRIDAY, MAY 23, 2003/JYAISTHA 2, 1925

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(पाटनरोधी एवं सम्बद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 23 मई, 2003

प्रारंभिक जांच परिणाम

विषय :—चीनी ताइपेई के मूल के अथवा वहां से निर्यातित ग्रीन विनीयर टेप के भारत में आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच।

सं. 14/50/2002-डीजीएडी.—वर्ष 1995 में यथा संशोधित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 तथा सीमाशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का निर्धारण एवं संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 को ध्यान में रखते हुए:-

क. ***प्रक्रिया***

1. जांच के संबंध में निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया गया है:

i) उपरोक्त नियमों के तहत, विनिर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे एतद्पश्चात प्राधिकारी कहा गया है) को घरेलू उद्योग की ओर से मै. वाटरप्रूफ कॉरपोरेशन प्रा.लि. द्वारा दायर की गई याचिका प्राप्त हुई जिसमें चीनी ताइपेई (जिसे एतद्पश्चात संबद्ध देश कहा गया है) के मूल के या वहां से निर्यातित ग्रीन विनीयर टेप के पाटन का आरोप लगाया गया था ।

ii) याचिकाकर्ता द्वारा दायर किए गए आवेदन की प्रारंभिक जांच में उसमें कुछ कमियां पाई गई थीं जिन्हें याचिकाकर्ता द्वारा बाद में सुधार दिया गया था । अतः याचिका को उचित रूप से प्रलेखित माना गया था ।

iii) याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर प्राधिकारी ने ताइपेई से संबद्ध वस्तु के आयातों की जांच प्रारंभ करने का निर्णय लिया । प्राधिकारी ने नियमावली के उप-नियम 5(5) के अनुसार जांच प्रारंभ करने से पूर्व नई दिल्ली स्थित चीनी ताइपेई के ताइपेई आर्थिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र को पाटन का आरोप प्राप्त होने के बारे में सूचित किया था ।

iv) प्राधिकारी ने चीनी ताइपेई के मूल के अथवा वहां से निर्यातित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम 1975 की अनुसूची 1 के अध्याय 48 के अंतर्गत वर्गीकृत संबद्ध वस्तु के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच प्रारंभ करते हुए दिनांक 27.12.2002 को एक सार्वजनिक सूचना जारी की जिसे भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित किया गया था ।

v) प्राधिकारी ने सार्वजनिक सूचना की एक प्रति ज्ञात निर्यातकों (जिनके ब्यौरे याचिकाकर्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए थे) को भेजी और उन्हें नियम 6(2) के अनुसार पत्र की तिथि से चालीस दिनों के भीतर अपने विचारों से लिखित रूप में अवगत कराने का अवसर प्रदान किया ।

vi) प्राधिकारी ने सार्वजनिक सूचना की एक प्रति भारत में संबद्ध वस्तु के सभी ज्ञात आयातकों (जिनके ब्यौरे याचिकाकर्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए थे) को भेजी और उनसे नियम 6(2) के अनुसार पत्र जारी होने की तिथि से चालीस दिनों के भीतर अपने विचारों से लिखित में अवगत कराने के लिए कहा गया ।

vii) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमाशुल्क बोर्ड (सी बी ई सी)तथा वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशक (डीजीसीआई एंड एस) कोलकाता से जांच अवधि सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत में किए गए संबद्ध वस्तु के आयातों के ब्यौरे उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था ।

viii) प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियम 6(3) के अनुसार याचिका की एक प्रति ज्ञात निर्यातक तथा संबद्ध देश के दूतावासों/उच्चायोगों/व्यापार संगठनों को उपलब्ध कराई । अगोपनीय याचिका की एक प्रति अनुरोध करने पर अन्य हितबद्ध पार्टियों को उपलब्ध कराई गई थी ।

ix) नियम 6(2) के अनुसार चीनी ताइपेई के आर्थिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र को याचिकाकर्ता के अगोपनीय रूपान्तरण की प्रति जांच प्रारंभ करने की अधिसूचना की प्रति और निर्यातक प्रश्नावली भेजते हुए इस अनुरोध के साथ जांच प्रारंभ करने की सूचना दी गई थी कि वह अपने देश के निर्यातकों/उत्पादकों से निर्धारित समय में प्रश्नावली का उत्तर देने के लिए कहें ।

x) नियम 6(4) के अनुसार संबद्ध सूचना प्राप्त करने के लिए प्राधिकारी ने निम्नलिखित ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों को प्रश्नावली भेजी:

1. मै. एफ यू टी ए फिजिकल एंड केमिकल कं. लि., ताइवान
2. मै. चुंग आई टेप कं. लि.

xi) नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना के लिए संबद्ध वस्तु के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ता एसोसिएशनों को प्रश्नावली भेजी गई थीः

1. मै. गनी कमर्शियल कं., कोलकाता
2. मै. किरन ट्रेडिंग कं., कोलकाता
3. मै. सेन्चुरी प्लाइबोर्ड्स(इंडिया) लि0, कोलकाता
4. मै. विनिकाम प्राडक्ट्स प्रा. लि. कोलकाता
5. मै. नेशनल प्लाइवुड इंडस्ट्रीज लि0, कोलकाता
6. मै. किटप्लाई इंडस्ट्रीज लि0, कोलकाता
7. मै. यूनाइटेड टिंबर इंडस्ट्रीज, कोलकाता
8. मै. मालपानी विनीयर्स (प्रा.) लि., कच्छ (गुजरात)
9. मै. लकी वुड प्रॉडक्ट्स प्रा. लि. थाणे
10. मै. तिनसुकिया प्लाइवुड प्रा. लि., पटियाला
11. मै. कॉम्पैक्ट प्लाई बोर्ड नई दिल्ली
12. मै. निताशा विनीयर इंडस्ट्रीज प्रा. लि. विशाखापत्तनम
13. एवरग्रीन विनीयर प्रा.लि. विशाखापत्तनम
14. मै. आंध्र वुड प्रोडक्ट्स प्रा.लि., विशाखापत्तनम
15. मै. तिरमाला बोर्ड्स आर आर डिस्ट्रिक्ट
16. मै. एशिया टिंबर प्रोडक्टस प्रा.लि. अंडमान
17. मै. द मैसूर चिपबोर्डर्स लि0, मैसूर
18. मै. नेशनल बोर्डर्स केरल
19. मै. कनाचूर सीजनिंग इंडस्ट्रीज, मंगलौर
20. मै. डेक्कन विनीयर प्रा. लि. विशाखापत्तनम
21. मै. आंध्र टिंबर प्रोडक्ट्स लि., विशाखापत्तनम

xii) दिनांक 17.3.2003 तक निम्नलिखित आयातकों/उत्पादकों द्वारा प्रश्नावली/अधिसूचना का उत्तर/सूचना दायर कर दी गई थी,

1. मै. च्यूर ज्यूवे इंटरप्राइज कं.लि.,

xiii) दिनांक 17.3.2003 तक निम्नलिखित आयातका/प्रयोक्ताओं/एसोसिएशनों द्वारा प्रश्नावली/अधिसूचना का उत्तर/सूचना दायर की गई थाः

1. मै. गनी कमर्शियल कं. कोलकाता
2. मै. किरन ट्रेडिंग कं. कोलकाता
3. मै. चायस प्लाई प्रा.लि. विशाखापत्तनम
4. मै. रूसाका प्लाई इंडिया लि0, गाँधीधाम
5. मै. मयूर विनीयर एंड प्लाइवुड इंडस्ट्रीज, कोलकाता

6. मै. किटप्लाई इंडस्ट्रीज लि0
7. द ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज, मुंबई
8. मै. आकाश विनीयर्स प्रा.लि., मुंबई
9. मै. विनीकॉम प्रोडक्ट्स प्रा.लि. कोलकाता
10. मै. तिरूपति विनीयर्स प्रा. लि., विशाखापत्तनम
11. मै. सुप्रीम वुड प्रोडक्ट्स प्रा.लि., कोलकाता
12. मै. लैंडमार्क विनीयर प्रा.लि., गॉधीधाम
13. मै. रतनवुड प्रा.लि., गॉधीधाम
14. मै. सेंचुरी प्लाइबोर्डस (इंडिया)लि., कोलकाता
15. मै. आंध्र वुड प्रोडक्टस प्रा.लि. विशाखापत्तनम
16. मै. तिरूमाला बोर्डस, हैदराबाद

xiv) याचिकाकर्ताओं से क्षति संबंधी सूचना मांगी गई थी, जिसे याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत भी कर दिया गया था । निम्नलिखित घरेलू उत्पादकों के क्षति संबंधी मापदंड प्रस्तुत किए गए थेः-

1. मै. वाटरप्रूफ कॉरपोरेशन प्रा.लि. मुंबई

xv) प्राधिकारी ने नियम 6(7) के अनुसार विभिन्न हितबद्ध पार्टियों द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य के अगोपनीय अंश, सार्वजनिक फाइल, के रूप में उपलब्ध रखे और प्राधिकारी द्वारा उसे हितबद्ध पार्टियों द्वारा जांच के लिए खुला रखा गया ।

xvi) सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों (जी ए ए पी) तथा याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर उत्पादन की इष्टतम लागत और भारत में सबद्ध वस्तु को बनाने एवं बिक्री करने का लागत निकालने के लिए लागत जांच भी की गई थी । निम्नलिखित घरेलू उत्पादकों के लागत संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराए गए एवं उनका विश्लेषण किया गयाः-

1. मै. वाटरप्रूफ कारपारेशन प्रा.लि., मुंबई

xvii) याचिकाकर्ता से अतिरिक्त सूचना मांगी गई थी, जिसे प्रस्तुत कर दिया गया था;

xviii) इस अधिसूचना में **** चिह्न किसी हितबद्ध पार्टी द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना को दर्शाता है और नियमों के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा इसे ऐसा ही माना गया है ।

xix) यह जांच 1 अप्रैल 2001 से 31 मार्च 2002 तक अथवा जांच अवधि के लिए की गई थी ।

(xx) फिक्की, सी आई आई, एसोचैम को भी व्यापक परिचालन के लिए जांच शुरूआत संबंधी अधिसूचना की प्रतिलिपियां

(xxi) जांच प्रारंभ संबंधी अधिसूचना की प्रतियां व्यापक परिचालन के लिए फिक्की, सी आई आई, एसोचेम आदि को भी भेजी गई थीं ।

(xxi) जांच प्रारंभ संबंधी अधिसूचना की प्रतियां व्यापक परिचालन के लिए फिक्की, सी आई आई, एसोचेम आदि को भी भेजी गई थीं ।

ख. ***निर्यातकों, आयातकों तथा अन्य हितबद्ध पार्टियों के विचार***

याचिकाकर्ता के विचार

i) विचाराधीन उत्पाद ग्रीन विनीयर टेप (जिसे एतद्पश्चात संबद्ध वस्तु भी कहा गया है) है।इसे गम्ड पेपर रीलों के नाम से भी जाना जाता है जिसे मुख्यतः जम्बो रोल्स में आयात किया जाता है । इसे लट्ठों से विनीयर शीट्स के विनिर्माण में उत्पादन सहायक के रूप में उपयोग किया जाता है और लट्ठों को छीलते समय किनारे मोड़ने के लिए भी उपयोग किया जाता है ।

ii) यह याचिका घरेलू उद्योग की ओर से मै. वाटरप्रूफ कॉरपोरेशन प्रा.लि. द्वारा दायर की गई है । इस याचिकाकर्ता कंपनी का उत्पादन विचाराधीन संबद्ध वस्तु का 100% बनता है ।

iii) घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित ग्रीन विनीयर टेप तथा संबद्ध देश से आयातित ग्रीन विनीयर टेप भौतिक एवं रासायनिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया एवं प्रौद्योगिकी, कार्य एवं उपयोग, उत्पाद निर्देशन, कीमत निर्धारण, वितरण एवं विपणन तथा वस्तु के टैरिफ वर्गीकरण जैसी विशेषताओं के संबंध में तुलनात्मक हैं । ये दोनों तकनीकी एवं वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय है और इनका उपयोग एक दूसरे के स्थान पर किया जाता है ।

iv) याचिकाकर्ता संबद्ध देश में ग्रीन विनीयर टेप की कीमतों के बारे में उचित एवं प्रामाणिक साक्ष्य अथवा निर्यातकों की अपने घरेलू बाजार में बिक्री या भारत से भिन्न देशों में निर्यात के लिए कीमत सूची प्राप्त करने में असमर्थ रहे हैं ।

v) सामान्य मूल्य का परिकलन संबद्ध वस्तु के उत्पादन की विधिवत समायोजित अनुमानित लागत के आधार पर किया गया ताकि उसमें बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक खर्चे तथा ताइवान के लिए उचित लाभ मार्जिन को शामिल किया जा सके ।

vi) देश में कुल मांग की तुलना में घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा भी 2000-2001 में 37.56% से घटकर जांच अवधि के दौरान 32.05% हो गया है ।

vii) पिछले वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान संबद्ध देश से आयात 2000-2001 में- 24.36% से जांच अवधि के दौरान पर्याप्तः बढ़कर 209.69% हो गया है ।

viii) देश में कुल मांग की तुलना में संबद्ध देश से आयात भी वर्ष 2000-2001 में 62.44% से बढ़कर जांच अवधि के दौरान 67.95% हो गए हैं ।

ix) यह तथ्य कि जांच अवधि के दौरान 2384640 वर्ग मीटर के पाटित आयात भारत में हुए, इस बात का पर्याप्त साक्ष्य है कि उसने अपने संभावित ग्राहक खो दिए ।

x) पिछले वित्त वर्ष की तुलना में याचिकाकर्ताओं के उत्पादन में मात्रा के रूप में जांच अवधि में वृद्धि हुई थी । किन्तु निम्नलिखित तालिका से यह देखा जा सकता है कि मात्रा के रूप में उत्पादन में वृद्धि होने के बावजूद जांच अवधि के दौरान 63% से अधिक उत्पादन क्षमता अप्रयुक्त बनी रही ।

xi) पिछले वित्त वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान याचिकाकर्ता द्वारा की गई बिक्री की मात्रा में वृद्धि हुई । यह देखा जाएगा कि वर्ष 2000-2001 की कीमत की तुलना में जांच अवधि में उद्योग कीमत को प्राप्त नहीं कर रहा है । संबद्ध देश से हुए आयातों का कीमतों पर दबाव के कारण घरेलू उद्योग उचित कीमत प्राप्त करने में अथवा आय की उचित दर प्राप्त करने में असमर्थ रहा है ।

xii) याचिकाकर्ताओं की वस्तु सूचियां मार्च 2001 के अंत में 41730 वर्ग मी. से बढ़कर 31.3.2002 की स्थिति के अनुसार 64748 वर्ग मी. हो गई हैं जो कि याचिकाकर्ताओं के उत्पादन के लगभग 5.64% से भी अधिक हैं ।

xiii) पिछले दो वर्षों के दौरान याचिकाकर्ता के रोजगार में कोई वृद्धि नहीं हुई है ।

IV. मजदूरी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है क्योंकि ये श्रम कानूनों के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित होती है। याचिकाकर्ता कंपनी की वित्तीय स्थिति के अनुसार मजदूरी में परिवर्तन नहीं किया जा सकता है।

XV. घरेलू उद्योग के पास अपना बाजार हिस्सा बनाए रखने के लिए अपनी कीमतों की अलाभकारी स्तर तक घटाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

XVI. उद्योग घाटे में चल रहा है और इसलिए घरेलू उद्योग अपने निवेशों पर कोई आय अर्जित करने में सक्षम नहीं है।

XVII ताइवान से विचाराधीन उत्पाद को पहुंच मूल्य संबद्ध वस्तु की बिक्रियों पर घरेलू उद्योग द्वारा वसूल की जाने वाली कीमतों से काफी कम है। कम कीमत पर बिक्री के इस उच्च स्तर का घरेलू उद्योग के वित्तीय कार्य निष्पादन पर प्रत्यक्ष और हानिकारक प्रभाव पड़ा है।

XVIII. पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति प्रभाव इस तथ्य से और प्रबल हो गया है कि केवल संबद्ध वस्तु ही कम कीमतों पर नहीं बेची जा रही है बल्कि संबद्ध देशों के निर्यातक कीमत कटौती भी कर रहे हैं। जाँच अवधि के दौरान पाटित आयातों का पहुंच मूल्य(अर्थात सीआईएफ कीमत जमा सीमा शुल्क) घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से अत्यधिक कम है। इस प्रकार घरेलू उद्योग पर लगातार दबाव है कि वे अपनी कीमतें चालू कीमतों से भी कम कर दें जो जैसा पहले बताया है, लाभकारी नहीं है।

XIX सतत रूप से पाटित आयातों के कारण उद्योग की ऋणात्मक आय के चलते घरेलू उद्योग इस तथ्य के बावजूद भी कि घरेलू मांग को पूरा करने के लिए उनके पास अधिशेष क्षमता है, राष्ट्र हित में विकास करने की स्थिति में नहीं है।

XX वास्तविक क्षति जो पहले ही घरेलू उद्योग को उठानी पड़ी है के साथ ही आयातों

से घरेलू उद्योग को क्षति का खतरा भी बना हुआ है। यह 49.45% की उच्च सीमा तक अत्यधिक कीमत कटौती से स्पष्ट है। भारी कीमत कटौती और इसके साथ इस देश के उत्पादकों के पास अधिक वृहत निपटान क्षमताएं इन पाटित आयातों से घरेलू उद्योग को क्षति की आशंका का स्पष्ट साक्ष्य है।

"वास्तविक क्षति के खतरे का निर्धारण तथ्यों पर आधारित होना चाहिए और न कि केवल आरोप, अनुमानों या सूदूर संभावना पर। परिस्थितियों में परिवर्तन, जो ऐसी स्थिति का निर्माण करते हैं, जिसमें पाटन द्वारा क्षति होगी, स्पष्ट रूप से दृष्टव्य एवं आसन्न होने चाहिए। वास्तविक क्षति के खतरे के बारे में निर्धारण करते समय निर्दिष्ट प्राधिकारी अन्य बातों के साथ-साथ ऐसे कारकों पर विचार करेंगे और:-

(क) भारत में पाटित आयातों की वृद्धि की महत्वपूर्ण दर जिससे आयातों में पर्याप्त रूप से वृद्धि होने की संभावना का संकेत मिलता है।

(ख) निर्यातक की पर्याप्त मुक्त रूप से निपटान या क्षमता में आसन्न, भारी वृद्धि जिससे किसी अतिरिक्त निर्यात ग्रहण करने के लिए अन्य निर्यात बाजारों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए भारतीय बाजारों को पर्याप्त रूप से बढ़े हुए आयातों की संभावना का संकेत मिलता है।

(ग) क्या आयात ऐसी कीमतों पर बाजार में प्रवेश कर रहे हैं जिनका घरेलू उद्योग पर पर्याप्त कमी या ह्रासकारी प्रभाव है, और जिससे आगे और आयातों के लिए मांग में वृद्धि की संभावना है और

(घ) जांचाधीन वस्तु की भण्डार सूची।

XXI वर्तमान मामले में ग्रीन विनीयर टेप के आयातों में अचानक उछाल आया है तथा यदि कीमत कटौती का वर्तमान रूख जारी रहता है तो इनके आगे और बढ़ने की संभावना है। संबद्ध देश के पास मुक्त रूप से पर्याप्त निपटान क्षमता है।

ग्रीन विनीयर टेप के बाजार पर कीमत कटौती का जबरदस्त प्रभाव पड़ा है जिसके चलते घरेलू उद्योग की अपना बाजार हिस्सा बनाए रखने के लिए उक्त कीमतों से बराबरी करने के लिए बाध्य होना पड़ा है।

XXII उपर्युक्त से यह स्पष्ट है कि चीनी ताईपेई से संबद्ध उत्पाद के पाटन के पर्याप्त साक्ष्य हैं जिससे घरेलू उद्योग को पहले ही वास्तविक क्षति हुई है और जिससे सतत रूप से घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति का खतरा हुआ है।

2. आयातक/प्रयोक्ताओं के विचार

मै0 रतन वुड प्रा0 लि0,

(i) यद्यपि टेपों का मूल्य बहुत कम है फिर भी ये हमारे आयात एवं संसाधन हेतु लाग्स के कुल आयातों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि विनियर टेपों की बर्बादी से विनीयर बनाने के लिए गिराए

गए तथा आयतित पेड़ों की संख्या में वृद्धि हो जाएंगी। इससे हमारे देश से मुल्यवान विदेशी मुद्रा के बहिर्गमन में वृद्धि होती है और पाटन रोधी शुल्क लागू करना हमारी अर्थव्यवस्था के लिए समग्र रूप से हानिकारक होगा। यह नोट करना चाहिए कि हमारे द्वारा उत्पादित संपूर्ण वीनियर का विनिर्माण पूर्ण रूप से बर्मा, मलेशिया एवं इंडोनेशिया आदि से आयातित लकड़ी (पेड़ के तनों) से होता है।

(ii) ग्रीन विनीयर टेप को पीलिंग के समय एक स्वचालित यंत्र से गीले विनीयर की ऊपरी सतह तथा दोनों किनारों पर लगाया जाता है। एक प्राकृतिक उत्पाद होने के कारण लट्ठे गुणवत्ता में समान नहीं होतें हैं, इसीलिए याचिकाकर्ता द्वारा विनिर्मित टेप भी गुणवत्ता में अत्यधिक असमान होते हैं यह वीनियर पर चिपकाने लायक नहीं है परिणामस्वरूप विनीयर में टूट-फूट होती है और इस प्रकार लकड़ी की बर्बादी होती है, जो कि आज वैश्विक संसाधनों का एक बहुमूल्य भाग है। याचिकाकर्ता द्वारा आपूर्ति की गई टेप केवल कम से पर्याप्त नमी/रेजिन वाले विनीयर के लिए बहुत अच्छी है जबकि हमारे ज्यादातर उत्पादन में लकड़ी की किस्म एवं विनीयर की मोटाई के कारण पर्याप्त से उच्च नमी वाले विनीयर प्रयोग किए जाते हैं।

(iii) याचिकाकर्ता को पाटनरोधी शुल्क लागू करवाने का मार्ग अपनाने के बजाय भारतीय उत्पादकों द्वारा विनिर्माण की जा रही लकड़ी की गुणवत्ता की मांग का पूरा करने के लिए अपनी गुणवत्ता में बदलाव लाना चाहिए। चूंकि याचिकाकर्ता ग्रीन विनीयर टेप्स क्षेत्र में नया है, इसलिए उसे भारतीय विनियर विनिर्माताओं द्वारा अपेक्षित टेप्स की किस्मों के उत्पादन में सुधार करना तथा सीखना चाहिए।

मै0 लेंडमार्क विनीयर प्रा0 लि0, गांधीधाम

(i) याचिकाकर्ता द्वारा हाल में शुरू किया गया ग्रीन विनीयर टेप्स आम तौर पर सामान्य से कम रेजिन वाले अच्छी गुणवत्ता के विनीयर पर चिपकता है लेकिन ये उच्च नमी/रेजिन मात्रा वाले विनीयर पर नहीं चिपकता है। उपरोक्त के अलावा उनकी टेप गुणवत्ता में अत्यधिक असमान है क्योंकि ग्लू की परत अत्यन्त दोषपूर्ण है जिसके परिणामस्वरूप ये टेप चिपकने वाली जगह पर नहीं चिपकती है।

(ii) इस तथ्य के कारण कि कम नमी/रेजिन धारिता से अधिक उच्च नमी/रेजिन धारिता के आवरणों को छीलते समय हम सामान्यतः 38 मिमी मोटाई के आवरणों के चार पृष्ठीय परत छीलते हैं और इस प्रकार छीले गये लकड़ियों के लट्ठों की प्रजातियों में यह गुण है उपर्युक्त के कारण याचिकाकर्ता के टेप्स को प्रयोग करने के मूल कारण को अस्वीकृत किया गया है क्योंकि उनके टेप्स हमारे कारखाने में छीले किए विनीयर की किस्म के लिए उपयुक्त नहीं है।

मै0 सुप्रीम वुड प्रोडक्टस लि0, कोलकाता

(i) चूंकि ग्रीन विनीयर टेप्स का प्रयोग लकड़ी (ट्री ट्रंक्स) पर किया जाता है जिसका आयात मलेशिया,बर्मा और इंडोनेशिया जैसे देशों से किया जाता है इसलिए घटिया किस्म के टेप्स का प्रयोग करने से देश में लकड़ी के कुल घन मीटर आयात में वृद्धि हो जाएगी। इससे हमारे देश से डालरों के निवल बहिर्गमन में वृद्धि होगी क्योंकि याचिकाकर्ता के टेप को प्रयोग करने से लकड़ी के निवल प्राप्ति योग्य उत्पादन में कमी हो जाएगी।

मै0 तिरूपति विनीयर्स प्रा0 लि0, विशाखापत्तनम

(i) केवल वुड विनियर उत्पादक ही ग्रीन विनीयर टेप का प्रयोग करते हैं तथा ऐसी विनीयर इकाइयों की कुल संख्या 100 से अधिक नहीं होनी चाहिए जिसमें छोटे पैमाने की इकाइयाँ भी शामिल है। इस मद को विशेष रूप से किनारों की रक्षा हेतु बोंडिंग माध्यम के रूप में प्रयोग किया जाता है, जिससे प्लाईवुड बनाते समय पीलींग, ड्राइंग, हैंडलिंग और संसाधन के दौरान् विनीयर की बर्बादी कम होती है।

(ii) ऐसे समय पर जबकि भारत की अर्थव्यवस्था को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, इस तरह के संरक्षण से भारतीय उद्योग की नुकसान होगा क्योंकि वे पुरानी प्रौधोगिकी से छोटे पैमाने पर उत्पादन पर ही आश्रित रहेंगे जिसके परिणामस्वरूप उनके उत्पाद खराब गुणवत्ता वाले होंगे।

मै0 बिनीकोम प्रोडक्टस प्रा0 लि0, कोलकाता

(i) विनीयरों की मोटाई 0.35 मिमी से अधिक नहीं है। इस तरह से किनारों को बांधना आवश्यक है और यह संपूर्ण भारत में अवस्थित हमारे क्रेताओं, जो मूलतः प्लाईवुड विनिर्माता इकाइयाँ हैं, के गंतव्यों तक बिल्कुल सही होनी चाहिए ।

(ii) ग्रीन विनीयर टेप अच्छी गुणवत्ता के होने चाहिए और गुणवत्ता में समान होने चाहिए। अन्यथा हमारे निर्मित उत्पाद विनीयर अपनी मजबूत स्थिति में नहीं रहेंगे और क्योंकि आयात किए जा रहे हमारे लकड़ी के लट्ठे बहुत कीमती हैं, जिनका सरकार की ओजीएल प्रणाली के अनुसार किया जाता है, इसलिए हमारी उत्पादन लागत अत्यधिक और बाजार के लिए अव्यवहार्य हो जाएगी।

(iii) जहां तक हमें जानकारी है याचिकाकर्ताओं को छोड़कर भारत में ऐसा कोई उत्पादक नहीं है जो अच्छी गुणवत्ता को विनीयर टेप का निर्माण करता है और हमारा अस्तित्व केवल ताईवान की आपूर्ति पर निर्भर है तथा यदि यह प्राप्त नहीं होती है तो लम्बे समय के बाद हमारे जैसे सभी उद्योग अंततः समाप्त हो जाएंगे एवं आयातित लकड़ी के लट्ठों के सर्वोत्तम प्रयोग तथा सर्वोत्तम प्राप्ति हेतु उपयोग न होने के कारण मूल्यवान विदेशी मुद्रा की बर्बादी होगी।

मै0 आकाश विनीयर्स प्रा0 लि0, मुम्बई

(i) ग्रीन विनीयर टेप वूड विनीयर्स पर लगाई जाती है। जो एक अत्यंत बहुमूल्य वैश्विक संसाधन है और प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह एक ऐसे बहुमूल्य संसाधन की बर्बादी मे कमी करें। जीवीटी का प्रयोग मूलतः इसी प्रयोजनार्थ किया जाता है क्योंकि ये लकड़ी की बर्बादी को कम करता है जो अन्यथा हो जाती।

(ii) जीवीटी के एक रोल की कीमत लगभग *** रू0 प्रति रोल है जिसकी लगभग एक घन मीटर लट्ठे पर लगाने के लिए आवश्यकता होती है और जिसकी पहुँच लागत लगभग ... रू0 प्रति घन मीटर होगी। (सामान्यतः लट्ठों का आयात किया जाता है क्योंकि उच्चतम न्यायालय के आदेश के कारण पेड़ काटने पर पाबंदी है)

(iii) ए ग्रेड विनीयर को "सी" या "डी" ग्रेड में बदला जाता है इस पर यदि यह बेचे जा सके तो बहुत कम कीमत मिल पाती है।

(iv) फेस विनीयर की पूरी शीट असमान आकार के विनीयर में बदल जाती है इसके द्वारा इसका निवल प्राप्ति मूल्य लगभग 1/2 हिस्से तक घट जाता है। इन्हें भी हाथ से मरम्मत करके फुल शीट बनाये बिना नहीं बेचा जा सकता है।

(v) आयातित टेप्स भारत में विनिर्मित टेप्स के समरूप व समान नहीं है। आयातित ग्रीन विनीयर टेप्स हमारे द्वारा भारत में उत्पादित औसत गुणता के विनियर के अनुकूल बनाया गया है जबकि भारतीय टेप्स इस प्रकार के नहीं हैं।

(vi) संभवतः भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां लट्ठों की छीलने के पश्चात .38 मिमी मोटाई के विनीयर बनाए जाते हैं, जबकि आम तौर पर स्वीकृत मोटाई .65 से .70 मिमी होती है। इस तरह की मोटाई कम मात्रा में छिलाई और अत्यधिक परिश्रम करने के कारण प्राप्त होती है।

(vii) जिस लकड़ी को हम छीलते हैं उसमें आम तौर पर पर्याप्त या आंशिक मात्रा में नमी (रेजिन) होती है और इस तरह के लट्ठों का हमारे द्वारा छीले गए सभी विनीयर में लगभग 95% हिस्सा बनता है।

मै0 गन्नी कमर्शियल कं0, कोलकाता

(i) सामान्य सर्कुलर स्लिटिंग (जैसी फैक्स रोल पेपर में होती है) के विपरीत इनमें अत्यधिक सूक्षमता वाली भारतीय या अधिमानतः आयातित स्लिटिंग मशीनों की आवश्यकता होती क्योंकि कट रोल्स के आम तौर पर बेचे जाने वाले प्रकार 1000 मीटर से 1500 मीटर की लम्बाई के हैं और ये 8 मिमी0 से 13.5 मिमी के अत्यंत कम चौड़ाई वाले होते हैं। यह भी नोट किया जाए कि इस उत्पाद के अंतिम उपयोग की प्रवृति ऐसी है कि इसे केवल रोल रूप में और अधिक लम्बाई में ही प्रयोग किया जा सकता है और उचित स्पूलिंग के बिना इसका प्रयोग नहीं किया जा सकता है । इस प्रकार यह विनिर्माण प्रकिया भारत में केवल हमारे द्वारा पूरी की गई है और इसे उसी रूप में नहीं बेचा गया है जिस रूप में इसका आयात किया गया है ।

(ii) लागतों कि तुलना केवल समान उत्पादों अर्थात गोंद युक्त कागज बनाम स्थानीय विनिर्माता द्वारा गोद युक्त कागज के बीच होनी चाहिए और न कि वर्ग मीटर आधार पर टैप्स की कीमतों के बीच। चूंकि हम स्लिटिंग, स्पूलिंग और पुनः पैकिंग की प्रक्रिया में भी शामिल हैं इसलिए निर्यात और आयात नीति 2002-2007 के अनुसार " विनिर्माता" की परिभाषा के भीतर यह संपूर्ण कार्यकलाप आते हैं।

(iii) हमारे ताईवानी आपूर्तकर्ता द्वारा आपूर्ति की गई ग्रीन विनीयर टेप बिल्कुल अलग है और इसके परिणामस्वरूप इनकी कीमतें भारतीय विनिर्माताओं से कम होना जरूरी है।

(iv) जाँचाधीन उत्पाद अधिक खपत वाली मद नहीं है क्योंकि यह एक अति विशिष्ट प्रयोग के लिए एक अति विशिष्ट मद है।

(v) बिक्रियां द्वितीय श्रेणी की हैं और उपभोक्ताओं को उत्पाद की प्रकृति तथा इसकी कीमतों के कारणों के बारे में पूरी जानकारी है ।

आल इंडिया एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज

(i) भारत में ऐसी 24 इकाइयाँ हैं जो लट्ठों से विनीयर शीट्स के विनिर्माण उत्पादन सहायक के रूप में तथा लट्ठों की छिलाई के समय किनारो की बैंडिंग के लिए ग्रीन विनीयर टेप का प्रयोग करती है। इनमें से ज्यादातर छोटे-पैमाने के उद्योग हैं और जिन्हें स्वामित्व वाली कंपनियां बताया गया है । इनमें से अधिकांश के लिए अपनी जरूरतों को पूरा करना मूश्किल है।

(ii) इनमें से कुछ इकाइयाँ जो हमारी सदस्य हैं का कहना है कि ग्रीन विनीयर टेप का आयात ताईवान से किया जाता है यह एक भारी खपत वाली मद नहीं है क्योंकि पिछले तीन क्रमागत वर्षों 1999-2000, 2000-2001 और 2001-2002 में बिना शुल्क के इनके आयात .1 करोड़ रूपये से भी कम के हुए हैं। इस समय इस पर 67 प्रतिशत का कुल शुल्क है जिसमें 16% का प्रतिसंतुलनकारी शुल्क शामिल है।

(iii) ग्रीन विनीयर टेप प्रयोक्ता सदस्य इस बात से खिन्न हैं कि केवल मुम्बई में अवस्थित देश के स्थानीय उत्पादक ही ग्रीन विनीयर टेप पर पाटन रोधी शुल्क लगवाने के लिए आगे आए हैं। यदि यह पाटन रोधी शुल्क लागू होता है तो इन इकाइयों के लिए ग्रीन विनीयर टेप का प्रयोग करना आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं होगा और इनमें से अनेक के पास इकाई को बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

मैं0 किटपलाई इंडस्ट्रीज लि0, कोलकाता

(i) याचिकाकर्ता ने हाल ही में ग्रीन विनीयर टेप का विनिर्माण शुल्क शुरू किया है और हम यह महसूस करते हैं कि इस क्षेत्र में उनका अनुभव नगण्य है क्योंकि उनका उत्पाद विनिर्देशन उन्हें आयातित जांचाधीन समान उत्पाद के साथ श्रेणीबद्ध नहीं करता है इसके कारण निम्नानुसार है:

(ii) भारत में हमारे द्वारा पील की जा रही विनीयर की मोटाई के लिए आवश्यकता है कि 0.38 से 0.45 मिमी0 तक की मोटाई वाले और पर्याप्त से उच्च नमी के बीच वाले विनियरों पर जीवीटी लगाया जाए याचिकाकर्ता के टेप्स कम नमी मात्रा से पर्याप्त नमी मात्रा के विनीयर पर चिपकाने के लिए-है।

(iii) वाको के टेप्स की गुणवत्ता अत्यधिक असमान है अर्थात ग्लू की परत एक खेप से दूसरी खेप में अलग अलग है जिससे वुड विनीयर की भारी बर्बादी होती है जो विश्व का एक बहुमूल्य संसाधन है और जिसे बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए ।

मै0 सेंचुरी प्लाई बोर्ड्स (इंडिया) लि0, कोलकाता

(i) ग्रीन विनीयर टेप एक ऐसी मद है जो केवल वुड विनीयर इंडस्ट्री द्वारा प्रयोग की जाती है और हमारी जानकारी के अनुसार देश में वार्षिक रूप से आयातों का कुल सीआईएफ मूल्य मात्र 1 करोड़ रूपये से भी कम है।

(ii) ग्रीन विनीयर टेप केवल गीले विनीयरों पर ही प्रयोग की जाती है और इससे किनारों की बाइंडिंग या हैंडलिंग के कारण लकड़ी की बर्बादी की कम करने में मदद मिलती है।

(iii) इन टेपों की लागत उस लकड़ी की लागत के बराबर नहीं है जो बर्बाद हो जाती यदि असमान गुणवत्ता की टेप्स इस्तेमाल में लाई जाएं। इन टेपों का विक्रेता किसी भी प्रकार से हमें उसकी टेप्स के कारण हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर सकता है। इसके अलावा, इन टेपों को प्रयोग करने की प्रक्रिया ऐसी है कि टैप्स की गुणवत्ता की तत्काल जाँच अनुप्रयोग या वास्तविक जाँच द्वारा संभव नहीं होती है।

(iv) याचिकाकर्ता (वाटरप्रूफ कोर्प, प्रा0 लि0) की ग्रीन विनीयर टेप्स हमारे द्वारा प्रयोग के लिए अनुकूल नहीं है और यह निम्नलिखित कारणोंवश आयातित टेप्स से भिन्न है:-

(क) आयातित ट्यूबें पर्याप्त से अधिक आद्रता अंश वाले वेनीयर में बड़ी मात्रा में चिपकी होती है जबकि याचिकाकर्त्ता की टेपों का विनिर्माण इस प्रकार से किया जाता है कि वे वेनीयरों में न्यून से पर्याप्त आद्रता अंश वाले वेनीयरों में चिपक सकें । पहले वाला वेनीयर का जितना हम उत्पादन करते

हैं उसके लगभग 95% तक निर्माण करता है जबकि बाद वाला उत्पादित वेनीयर के केवल 60% का ही बनेगा । भारत संभवतः केवल एक ऐसा देश है जहां पेड़ों से लट्ठों को छीलने के बाद 38 वेनीयर की मोटाई प्राप्त होती है । सामान्य तौर पर स्वीकार्य मोटाई विश्वभर में .65 से .70 मिमी0 है । इसमें विशेष गुणवत्ता वाले टेपों की जरूरत होती है जिसकी आपूर्ति करने में याचिकाकर्त्ता असमर्थ है ।

(ख) इन आयातित टेपों की गुणवत्ता स्वरूप के अनुरूप है जबकि याचिकाकर्त्ता द्वारा विनिर्मित टेप असंगत हैं जिसके फलस्वरूप कतिपय क्षेत्रों/टेपों में सरेस की मात्रा अधिक और कुछेक में कम होती है ।

(ग) याचिकाकर्त्ता द्वारा विनिर्मित जीवीटी की गुणवत्ता स्वरूप के प्रतिकूल है और सरेस की असमान आवरण के कारण रोल दर रोल पर भिन्न होती है । चूँकि जीवीटी का इस्तेमाल वेनीयर पर किया जाता है जो गुणवत्ता में स्वयं भिन्न है (प्रकृति का एक उत्पाद होने के कारण) यह हमारे उत्पादन को अस्थिरीकरण का एक महत्वपूर्ण कारक है ।

(घ) ग्रेड "ए" वेनीयर शीटों को गेड "ग" अथवा "घ" वेनीयर शीटों में परिवर्तित किया जाता है, परिणाम स्वरूप हमारे अंतिम उत्पाद जिसका हम निर्माण करते है, के लिए बहुत कम कीमत मिलती है । इससे वेनीयर के अपशिष्ट की मात्रा बढ़ जाती है और उक्त टेपों की मूल उपयोगिता में गिरावट आती है । प्रत्यक्ष वेनीयर की संपूर्ण शीटों का निवल वसूली मूल्य में लगभग् 50% तक गिरावट आ जाती है क्योंकि विषम आकार के वेनीयरों (काली) में परिवर्तित हो जाते हैं और उन्हें बिक्री योग्य बनाने से पूर्व पूर्ण शीटों में परिवर्तन किए जाने हेतु उनकी हस्त मरम्मत भी की जाती है । अनेक शीटें अमरम्मत योग्य हो जाती है और इस प्रकार ये सम्पूर्ण रूप से बर्बाद हो जाती है और इन्हें अग्नि हेतु बायलर में जलाया जाता है ।

(ड.) याचिकाकर्त्ता का हमारे उद्योग को ड्राई वेनीयर टेपों की आपूर्ति करने में 9 वर्षों से एकाधिकार था और यह उनके कार्य का मुख्य क्षेत्र था । डीवीटी भी सरेसयुक्त कागज का टेप है जिसका उपयोग शुल्क वेनीयरों की मरम्मत हेतु हाथ से किया जाता है जबकि जीवीटी का स्वतः प्रयोग बर्बादी रोकने के लिए आद्र वेनीयर पर किया जाता है ।

3. निर्यातकों के विचार

प्राधिकारी ने धारा 9(क) (ग) के अनुसार सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के प्रयोजनार्थ सभी ज्ञात निर्यातकों को प्रश्नावली भेजी । मै0 चियूर जियूई इंटरप्राइजेज कं0 लि0, ताइवान ने निर्यातकों की प्रश्नावली का उत्तर दिया है ।

मै0 चियूर जियुयू इंटरप्राइजेज कं0 लि0

(i) भारत को निर्यातित उत्पादों और दूसरे बाजारों में बिक्री किए गए उत्पादों के बीच महत्वपूर्ण अन्तर है । भारत को निर्यातित उत्पाद एक कोटेड पेपर है जिससे उपभोक्ता द्वारा ग्रीन विनीयर टेप "बी" ग्रेड बनाया गया है ।

(ii) ग्रेड "ए" टेप उपभोक्ता की इच्छानुसार लम्बाई और चौडाई में कट रोहन के होते हैं । टेप को बंडलों में पैक किया जाता है और इसे प्लास्टिक और पेपर से लपेटा जाता है । इन्हें कार्डबोर्ड डिब्बों में रखा जाता है और टेप से बांध दिया जाता है । इस प्रकार की प्रक्रिया भारत से निर्यात किए जाने वाले गोंद पेपर में नहीं की जाती है । भारत में विनिर्माता कटिंग, स्लिटिंग और पैकिंग नहीं करते हैं । वृहत रोलों में कोटेड पेपर को पैक करने की जरूरत नहीं होती है और इसे सीधे ही कंटेनरों में लाद दिया जाता है । इसके परिणामस्वरूप भारत को निर्यातित उत्पाद सस्ते होते हैं क्योंकि यहां कटिंग, स्लिटिंग और पैकिंग नहीं किए जाते हैं ।

(iii) बी ग्रेड पेपर का स्टिनरिंग करने में काफी अधिक अपशिष्ट निकलता हे । यह इसलिए होता है क्योंकि पेपर के साथ गोंद को कोटिंग करते समय थोडे समय के लिए गर्मी दी जाती है जिससे गोंद के छोटे धब्बे जो पूर्ण रूप से सूखते नहीं है, रह जाते है । भारत में उच्च गति की स्लिटिंग करते समय पेपर मे सीधे एवं तिरछे बल पड़ जाते है क्योंकि इन्हें उन जगहों पर हवा नहीं मिलती है । इसलिए बी ग्रेड के लिए स्लिटिंग में अपशिष्ट की मात्रा काफी अधिक होती है । परिणामस्वरूप जब कटे हुए टेप की बिक्री की जाती है अपशिष्ट की लागत हिसाब में आ जाती है जबकि जंबो रोल्स के मामले में अपशिष्ट की लागत भारतीय उपभोक्ताओं के हिस्से में जाती है । इसके अलावा चूंकि बी ग्रेड रोलों के मामले में कोटिंग मशीन तीव्र गति से चलती है । सुखाने के लिए कुल उपयोग किया गया ताप काफी कम होता है जिससे कोटिंग के लिए समय और मजदूरी को समय, बिजली और निर्धारित लागत में कमी आती है ।

(iv) बहुत खर्चीले और परिशुद्धता वाली स्मिटिंग मशीनों की सहायता से प्लास्टिक कोर पर अपेक्षित चौड़ाई और लंबाई को लिए कोटेड पेपर के वृत्ताकार को खोलने, स्लिटिंग करने और पुनः बांधने की आवश्यकता होती है । कटिंग करना परिशुद्धता उन्मुख कार्य है और इसक लिए समर्पित श्रमिकों की आवश्यकता होती है , स्लिटिंग मशीनों पर कार्य करने वाले श्रमिकों का स्लिटिंग करने के समय के दौरान किसी दूसरी मशीन पर नहीं लगाया जा सकता ।

(v) भारत को निर्यातित कोटेड पेपर से विनिर्मित टेप "बी" ग्रेड की है जैसाकि निर्यात दस्तावेजों में दर्शाया गया है । ग्रेड "ए" तथा ग्रेड "बी" के बीच मुख्य अंतर इसमें प्रयुक्त कच्ची सामग्री की गुणवत्ता का है । "ए" ग्रेड सामग्री के मामले में गोंद की गुणवत्ता तथ मात्रा अधिक होती हैं । "ए" ग्रेड के मामले में कोटिंग किए जाने वाला मूल कागज 55 जीएसएम का होता है जबकि "बी" ग्रेड में प्रयुक्त कागज 65 जीएसएम का होता है । ए ग्रेड 55 जीएसएम कागज का मूल्य लगभग *** अमरीकी डालर/मी0 टन होता है जबकि बी ग्रेड में प्रयुक्त 65 जीएसएम के कागज का मूल्य *** अमरीकी डालर से ***/अमरीकी डालर/मी0 टन होता है । अतः "ए" ग्रेड में प्रयुक्त कच्ची सामग्री की लागत गोंद और कागज की लागत में वृद्धि के कारण बी ग्रेड से बहुत अधिक है ।

(vi) भारत तथा अन्य बाज़ारों को निर्यातों के मामले में विपणन एवं बिक्री लागतें बिल्कुल भिन्न-भिन्न हैं । भारत के मामले में सभी बिक्रियां एकमात्र उपभोक्ता को की जाती है जो (टेप्स के विनिर्माण के पश्चात) बाद में इसे भारत में 150 से अधिक छोटे फेस विनीयर उत्पादकों के अपने उपभोक्ताओं को बेचता है । इस उपभोक्ता को सभी विपणन तथा बिक्री खर्च उठाने पड़ते हैं क्योंकि यही इन टेपों को बनाता तथा वास्तविक अंतिम प्रयोक्ताओं अर्थात फेस विनीयर विनिर्माताओं को बेचता है । यद्यपि अन्य बाजारों में हमारी सभी बिक्रियां कटी हुई एवं बनी बनाई तथा उपयोग के लिए तैयार टेपों की है और अधिकतर बिक्रियाँ

वास्तविक फेस विनीयर विनिर्माताओं को की जाती हैं और बिक्रियों के मामले में हम सभी विपणन एवं बिक्री लागते उठाते हैं ।

(vii) भारतीय बाजार में " बी " ग्रेड टेप बिकती हैं । भारत में फेस विनीयर (फेस विनीयर तुरंत छीली गई लकड़ी की बहुत पतली शीट होती है जिन पर ग्रीन विनीयर टेप लगाई जाती है) की छिलाई अत्यंत श्रम प्रधान, अल्प उत्पादक रोटरी पीलिंग मशीनों से होता है जो 0.38 मिमी0 चौडाई की अत्यंत पतली शीट का उत्पादन करने की क्षमता रखती हैं, और भारत में यह सामान्यतः स्वीकृत माटाई है जिन पर टेप लगाया जाता है । विश्व के अन्य भागों, जहाँ हम "ए" ग्रेड टेपों की बिक्री करते हैं, में 0.70 मिमी0 से 0.85 के बीच की मोटाई वाले पुस विनीयर टेप्स का उत्पादन किया जाता है । भारत में विनीयरों की कम चौड़ाई को ध्यान में रखते हुए भारत में भारतीय विनीयर विनिर्माताओं के लिए उपयुक्त बेची गई टेप्स का उच्च गुणवत्तायुक्त होना आवश्यक नहीं है क्योंकि इसे अन्य देशों की तुलना में काफी कम बजन के टियर पर लगना होता है । ग्रेड "ए" टेप सभी प्रकार के विनियरों अर्थात् बहुत कम रेजिन/नमी वाले विनियरों जैसे अफ्रीकी मूल के "ओक्यूम" तथ पर्याप्त से अधिक नमी वाली केरियुग किस्म की लकड़ी पर चिपकते हैं । इसके विपरीत "बी" ग्रेड के टेप केवल केरियुंग किस्म की पर्याप्त से उच्च रेजिन वाली लकड़ी जिसका आम तौर पर भारत में प्रयोग किया जाता है, पर चिपकायें जाने कि लिए उपयुक्त होती है ।

(viii) भारत में निर्यात बाजार में बिक्रियां साख पत्रों के तहत की गई हैं । घरेलू बाजार में बिक्रियां 2 से 3 महीने के ऋण आधार पर की गई हैं । सामग्री के लिए अग्रिम या तत्काल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं के नकद छूटों की पोशकश की जाती है । भारत को बिक्रियाँ सीआइएफ आधार पर की जाती हैं । घरेलू बाजार में भी बिक्री कीमतों में भाड़ा तथा बीमा प्रभार शामिल होते हैं । अन्य देशों को की गई निर्यात बिक्रियाँ भी सीआईएफ आधार पर की गई है ।

(ग) **प्राधिकारी द्वारा जांच**

(i) निर्यातक और याचिकाकर्ता द्वारा किए गए उपरोक्त निवेदनों जहां तक नियमानुसार ये संगत हैं, का इस मामले पर प्रभाव है और इनकी जांच की गयी है, उन पर विचार कर इन निष्कर्षों में उचित स्थान पर उन पर समुचित कार्रवाई की गयी है ।

(ii) कीमत संबंधी वचन देने के इच्छुक निर्यातकों पर उनके अनुरोध पर उपर्युक्त नियमों के अनुसार विचार किया जाएगा ।

(iii) जांच अवधि के दौरान जिन निर्यातकों/विनिर्माताओं ने भारत को निर्यात नहीं किया है वे जब भी भारत को निर्यात करेंगे उपर्युक्त पाटनरोधी नियमों के नियम-22 के अंतर्गत एक नए निर्यातक के रूप में समीक्षा किए जाने हेतु आवेदन कर सकते हैं ।

विचाराधीन उत्पाद

(i) विचाराधीन उत्पाद ग्रीन वेनियर टेप है । यह गम्मड पेपर रील्स के नाम से भी जाना जाता है जिसका मुख्य रूप से जम्बो रोल्स में आयात किया जाता है । इसका प्रयोग लॉग्स से विनियर शीट्स के विनिर्माण में उत्पादन सहायक के रूप में किया जाता है और इसका प्रयोग लॉग्स को छीलते समय किनारा रंकन से लिए भी होता है । इस मद का प्रयोग किनारा-संरक्षण बंधक (बोर्डिंग) माध्यम के रूप में विशेष रूप से किया जाता हे जो प्लाईवुड बनाने के लिए छीलते, सूखाते हैंडलिंग तथा प्रसंस्करण करते समय वेनियर के अपव्यय को कम करते हैं । इसका आयात सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम के अध्याय के तहत किया जाता

है । वर्गीकरण उपशीर्ष 48.11, 48.11, 4900, 48.23 तथा 4823 1900 ग्रीन वेनियर टेप का विवरण बताते हैं । तथापि यह वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और यह किसी भी तरह से मौजूदा जांच के कार्यक्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है ।

(ii) आयातकों/निर्यातकों ने इस उत्पाद को "बी" ग्रेड का कोटिड पेपर के रूप में वर्णित किया है जो भारत को निर्यात किया गया है । उन्होंने आगे कहा कि भारत में विनिर्माता " ब " ग्रेड कोटिड पेपर को ग्रेड "ए" ग्रीन वेनियर टेप में चीर कर, काटकर, पैकिंग आदि करने के बाद ग्रीन वेनियर टेप में परिवर्तित किया जात है । निर्यातक ने दावा किया है कि ग्रेड "बी" कोटिड पेपर ग्रेड "ए" ग्रीन वेनियर टेप से भिन्न है जिनकी घरेलू बाजार में बिक्री नहीं की जाती है और जिनका निर्यात तृतीय देशों को किया जाता है । इन दोनों ग्रेडों में मुख्य भिन्नता कच्चे माल की गुणवत्ता में है और इस प्रकार सरेस और कागज की लागत में अंतर के कारण ग्रेड "ए" के कच्चे माल की लागत ग्रेड "बी" से अधिक है । कागज तथ सरेस की अधिक लागत छांटने तथा तैयार करने अधिक पैकिंग लागत और अधिक विपणन लागतों की अतिरिक्त श्रम प्रधान प्रक्रियाओं के कारण "ए" ग्रेड टेपों की कुली लागत भारत को निर्यात किए गए "बी" ग्रेड कोटिड पेपर से काफी अधिक है । याचिकाकर्त्ता ने ग्रेड "बी" वेनियर टेप के बारे में कोई सूचना/साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है बल्कि वे केवल एक प्रकार का ग्रीन वेनियर टेप का ही विनिर्माण करते है जिसका प्रयोग लकड़ी के लठ्ठों से विनियर शीटों के विनिर्माण में उत्पादन सहायक के रूप में किया जाता है तथा इसका प्रयोग लठ्ठों को छीलते समय किनारों को बांधने के लिए भी किया जाता है ।

(iii) याचिकाकर्त्ता ने तर्क दिया है कि ताइवान से आयात किए गए जम्बो रोल्स उनके द्वारा विनिर्मित तथा बिक्री किए गए ग्रीन वेनियर टेप उत्पाद से भिनन नहीं हैं । आयातक लगभग 1.08 मीटर चौड़ाई तथा 3000 मीटर लम्बाई के लम्बे रोल्स में तैयार उत्पाद ला रहे हैं और उसके बाद ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार आकारों में उन्हें काटा जा रहा है । वस्तुतः समस्त निवेश कागज को अपेक्षित रोल्स में बनाने और काटने, आवश्यकतानुसार सरेस बनाने, मूल कागज पर सरेस की परत चढ़ाने, मूल कागज पर सरेस को सूखाने और अंततः ग्राहक की अपेक्षानुसार काटनें, स्लिर करने और पैकेज करने में होता है । आयातकों को ग्राहकों की आवश्यकता के आकारों में आयातित बड़े रोल्स को काटना पड़ता है जबकि याचिकाकर्त्ता भी बड़े रोल बनाते हैं और तत्पश्चात इसी प्रकार की विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी से ग्राहक की आवश्यकता के अनुसार उन्हें काटते हैं और बेचते हैं ।

(iv) याचिकाकर्त्ता ने बताया कि ग्रीन विनीयर टेप का कोई ग्रेडेशन नहीं है और वे विश्व के किसी अन्य भाग में ऐसे ग्रेड "बी" के संबंध में साक्ष्य उपलब्ध कराने में अक्षम रहे हैं । याचिकाकर्त्ता ने आगे यह तर्क दिया है कि भारत में निर्यातित संबद्ध वस्तु की कीमत पर निर्यितक अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मूल कागज की लागत को प्राप्त करने में समर्थ नहीं होगा । प्राधिकारी ने निर्यातक के अनुरोधों की जाँच की और यह नोट किया है कि निर्यातकों ने स्वयं यह स्पष्ट किया है कि ग्रीन विनीयर टेप्स की किस्म ग्रेड "बी" का निर्यात केवल भारत को किया जाता है, यह न तो उनके घरेलू बाजार में बेची जाती है और न ही किसी तीसरे देश को निर्यात की जाती है ।

(v) कोटेड पेपर ग्रेड बी के संबंध मे प्राधिकारी ने याचिकाकर्त्ता, निर्यातकों तथा आयातकों/प्रयोक्ताओं द्वारा व्यक्त किए गए मतों पर विचार किया है । पाटनरोधी नियमावाली के नियम-2 (घ) में समान वस्तु की परिभाषा इस प्रकार है:-

" समान वस्तु से तात्पर्य ऐसी वस्तु से है जो भारत में पाटन की जा रही जाँचाधीन वस्तु के सभी तरह से समान या समरूप हो, या ऐसी वस्तु की अनुपस्थिति में कोई अन्य वस्तु जो यद्यपि सभी प्रकार समान न हो फिर भी उसमें जाँचाधीन वस्तु से बिल्कुल मिलती-जुलती विशेषताएं हों ।"

(vi) निर्यातक तथा आयातक के इन तर्कों के संबंध में कि आयातित वस्तु जाँचाधीन वस्तु के सभी तरह से समान या समरूप नहीं है; प्राधिकारी नोट करते हैं कि याचिकाकर्त्ता ने अन्य बातों के साथ साथ बताया है कि ग्रीन विनीयर टेप्स के दोनों ग्रेडों के बीच अत्यधिक प्रतिस्थापनीयता है तथा यह कि घरेलू तौर पर उत्पादित ग्रीन विनीयर टेप तथा आयातित ग्रेड बी कोटेड पेपर जिसका प्लाईवुड उद्योग द्वारा उपयोग किया जाता हे, में विशेषताओं की दृष्टि से काफी समानता है । याचिकाकर्त्ता तथ आयातक/निर्यातक दोनों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर प्राधिकारी यह निर्धारित करने को बाध्य है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित ग्रीन विनीयर टेप विचाराधीन उत्पाद ग्रेड बी कोटेड पेपर, से सभी प्रकार से समान समरूप नहीं है ।

(vii) प्रयोक्ता उद्योग को ग्रीन विनीयर टेप्स की बिक्री के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजी साक्ष्य, जिनका सत्यापन लागत एवं बिक्री के सत्यापन के दौरान किया गया है, से उनके बिक्री तथा उत्पाद रजिस्टर से यह स्थापित हुआ था कि प्लाइवुड उद्योग घरेलू तौर पर विनिर्मित ग्रीन विनीयर टेप्स का प्रयोग कर रहा है जो जैसा उनके द्वारा दावा किया गया है आगे आयातित ग्रीन विनीयर टेप का भी प्रयोग करता है । प्रयोक्ता उद्योग ने अपने अनुरोधों में इस बात की पुष्टि की है कि प्लाईवुड उद्योग में आयातित ग्रीन विनीयर टेप्स का उपयोग किनारों के संरक्षण-बांडिंग माध्यम के रूप में किया जाता है जिससे प्लाईवुड बनाते समय छीलने, सुखाने, प्रहस्तन तथा संसाधन के दौरान विनीयर की बर्बादी में कमी होती है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि एक किस्म का आयात एवं उपयोग किया गया है जबकि दूसरी किस्म का किया गया उपयोग दोनों ग्रेडों के बीच तकनीकी एवं वाणिज्यिक प्रतिस्थापनीयता को सिद्ध करता है ।

(viii) अतः भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित ग्रीन विनीयर टेप तथा चीनी लाईपेई से निर्यातित ग्रीन विनीयर टेप में कोई खास अंतर नहीं है । भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित तथ चीनी ताईपेई से आयातित ग्रीन विनीयर टेप भौतिक तथा रासायनिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया एवं प्रौद्योगिकी, कार्य एवं प्रयोग, उत्पाद विनिर्दिष्टताओं, वितरण एवं विपिणन तथा वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण जैसी विशेषताओं की दृष्टि से तुलनीय हैं । ये दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं । उपभोक्ताओं ने इन दोनों का उपयोग एक दूसरे के स्थान पर किया है । याचिकाकर्त्ता द्वारा उत्पादित और चीन ताइपेई से आयातित ग्रीन वीनियर टेप को पाटनरोधी नियमों के अनुसार समान वस्तु के रूप में माना जाता चाहिए । भारतीय उद्योग द्वारा अपनाई जा रही प्रौद्योगिकी चीन ताइपेई के ग्रीन विनियर टेप के विनिर्माताओं द्वारा अपनाई जा रही प्रौद्योगिकी के साथ तुलनीय है ।

(ix) प्राधिकारी ने याचिकाकर्त्ता और अन्य हितबद्ध पार्टियों द्वारा किए गए अनुरोधों के मद्देनजर और सम्बद्ध देश से निर्यातित और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सम्बद्ध वस्तु के उन्ही उपभोक्ताओं द्वारा प्रतिस्थापनीयता और एक दूसरे के स्थान पर उपयोग को ध्यान में रखते हुए निर्यातित सम्बद्ध वस्तु और घरेलू तौर पर उत्पादित नियम 2(घ) के अनुसार समान वस्तु माना है । प्राधिकारी ने याचिकाकर्त्ताओं, आयातकों, निर्यातकों के विचारों को ध्यान में रखते

हुए समान वस्तु पाटन, क्षति, कारणात्मक संबकंध से संबंधित पहलुओं की जांच अंतिम जांच परिणाम के प्रयोजनार्थ विस्तारपूर्वक की जानी चाहिए ।

इस प्रकार प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस जांच में विचाराधीन उत्पाद के रूप में ग्रीन वीनियर टेप के सभी प्रकार शामिल हैं ।

2. **घरेलू उद्योग**

(i) घरेलू उद्योग की ओर से याचिका मैसर्स वाटरप्रूफ कारपोरेशन प्रा0 लि0 द्वारा दायर की गयी है । याचिकाकर्त्ता का यह दावा है कि याचिकाकर्त्ता कम्पनी विचाराधीन संबद्ध माल के 100% उत्पादन का प्रतिनिधित्व करता है । उपलब्ध साक्ष्य के अनुसार, याचिकाकर्त्ता के पास पाटनरोधी नियमावली के नियम 5 के अनुसार घरेलू उद्योग की ओर से पाटनरोधी जांच करने के लिए मामला दायर करने का आधार है ।

(ii) प्राधिकारी यह बात भी नोट करते है कि याचिकाकर्त्ताओं का हिस्सा कुल घरेलू उत्पादन का 50% से अधिक बनता है और इसलिए उनके पास पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(3) (क) तथा (ख) के अनुसार घरेलू उद्योग की ओर से याचिका दायर करने और नियम 2 (ख) के अनुसार घरेलू उद्योग का प्रतिनिधित्व करने का भी आधार है ।

3. **सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत**

धारा 9क (i) के अंतर्गत किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का अर्थ हैं :-

(i) सामान्य व्यापार के दौरान समान वस्तुओं के लिए उप-धारा (6) के अंतर्गत बने नियमों के अनुसार यथानिश्चित तुलनात्मक मूल्य जबकि ऐसी वस्तु निर्यातक देश या क्षेत्र में उपभोग के लिए आशयित हो, या

(ii) जब व्यापार के सामानय रूप में निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में सामान्य व्यापार के दौरान वस्तु की कोई बिक्री नहीं हो या विशेष दशा के कारण अथवा निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में बिक्रियों की कम मात्रा के कारण ऐसी बिक्रियों की वजह से समुचित तुलना नहीं हो सकती हो तो सामान्य मूल्य या तो :-

(क) निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से आयात किये जाने पर समान वस्तु का उपधारा (6) के अंतर्गत बने नियमों के अनुसार यथानिश्चित तुलनात्मक प्रतिनिधि मूल्य; या

(ख) उपधारा (6) के अंतर्गत बने नियमों के अनुसार यथानिश्चित प्रशासनिक बिक्री और सामान्य लागतों एवं लाभों के लिए उचित वृद्धि के साथ वस्तु मूल के देश में उक्त वस्तु के उत्पादन की लागत;

"बशर्ते कि वस्तु का आयात जब मूलता के देश से भिन्न अन्य किसी देश से किया गया हो तथा जहां वस्तु निर्यात के देश से केवल गुजरी हो या ऐसी वस्तु निर्यात के देश में उत्पादित नहीं होती हो या निर्यात के देश में उसका कोई तुलनात्मक मूल्य नहीं हो तो इसके सामान्य मूल्य का निर्धारण मूलता के देश में इसके मूल्य के संदर्भ में किया जाएगा ।"

सामान्य मूल्य और कारखानागत निर्यात कीमत के निर्धारण का ब्योरा निम्नानुसार है:-

मै0 चिऊर जिऊए एंटरप्राइज कं0 लि0, चीन ताइपेई

सामान्य मूल्य

(i) प्राधिकारी ने धारा 9क (1) (ग) के अनुसार सामान्य मूल्य के निर्धारण के उद्देश्य से भी ज्ञात निर्यातकों को प्रश्नावली भेजी । मै0 चिऊर जिऊए एंटरप्राइज कं0 लि0, ने निर्यातों से संबंधित सूचना देते हुए प्रश्नावली का उत्तर दिया । निर्यातक ने उल्लेख किया है कि न तो मितव्ययी आकार में ग्रेड "बी" कोटिड पेपर की घरेलू बिक्री की गई है और न ही तीसरे देशों को कोटिड पेपर के इस ग्रेड का निर्यात किया गया है । ग्रेड "ए" ग्रीन वीनियर टेप और ग्रेड "बी" कोटिड पेपर दोनों क उत्पादन की लागत परिशिष्ट 8, 0 और 10 में दी गई है । चूँकि उनके घरेलू बाजार में समान उत्पाद की कोई घरेलू बिक्री अथवा तीसरे देशों को निर्यात नहीं हुआ है इसलिए सामान्य मूल्य का निर्धारण ग्रेड "बी" कोटिड पेपर के लिए निर्यातक की प्रश्नावली में उपलब्ध कराई गई उत्पादन की लागत संबंधी सूचना के आधार पर किया जाना चाहिए । कोटिड पेपर के उत्पादन की लागत की जांच करने पर इसे काफी अधिक त्रुटिपूर्ण पाया गया क्योंकि श्रम और उपयोगिताओं की लागत ग्रीन वीनियर टेप क लिए ग्रेड "ए" और ग्रेड "बी" के बीच 3000% से अधिक का अन्तर दर्शाती है जिसको समर्थनकारी दस्तावेजों से प्रमाणित नहीं किया गया है । इन दोनों ग्रेडों के लिए ह्रास लागत 1000% से अधिक दिखाई गई है जबकि कंपनी की स्थापना 1994 में हुई थी और आंकड़ों को तर्कों और समर्थनकारी दस्तावेजों से प्रमाणित नहीं किया गया है ।

(ii) चालू वर्ष और पिछले दो वित्तीय वर्षों के लिए व्यापारिक और लाभ तथा हानि लेखे, तुलनापत्र, जो सकल लाभ, बिक्री के ब्यौरे तथा प्रशासनिक एवं अन्य लागतें तथा निवल लाभ दर्शाते हैं, उन्हें प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है ।

(iii) परिशिष्ट-7 में पिछले दो वर्षों के साथ साथ जांच की अवधि के लिए ग्रेड बी कोटिड पेपर संबंधी विस्तृत सूचना के अतिरिक्त अन्य उत्पादों के लिए सूचना प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है ।

iv) चूंकि कंपनी जांच किए जा रहे उत्पादों के अलावा अन्य उत्पादों का भी विनिर्माण कर रही है इसलिए उपयोगिता और ऊपरी खर्चों के सभी घटकों जैसे लागत के आंबटन के आधार के साथ विस्तृत स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए जाने की आवश्यकता है । इन खर्चों को त्रिमाहीवार बिक्री सूचना के साथ तुलना के लिए उत्पादन की लागत के संबंध में लाभ एवं हानि लेखा संबंधी तिमाहीवार सूचना के साथ सत्यापनीय होना चाहिए ।

v) निर्यातक द्वारा प्रस्तुत किए गए असंतोषजनक उत्तर को देखते हुए प्राधिकारी ने निर्यातक द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी पर ध्यान न देते हुए उपर्युक्त नियम 6(8) के अनुसार उपलब्ध तथ्यों पर विश्वास किया हैं । अतः चीनी ताइपेई में संबद्ध वस्तुओं की सामान्य कीमत का निर्धारण करने के लिए मूल देश में उत्पादन तथा बिक्री के अनुमानित खर्चे, प्रशासनिक तथा सामान्य व्ययों तथा उचित समायोजन करने के पश्चात होने वाले यथोचित लाभ को आधार के रूप में लिया गया है ।

vi) अतः प्रारंभिक निर्धारण में, मै. चियूर जियूई इंटरप्राइसेज कं.लि. के लिए सामान्य मूल्य, **** डालर/वर्ग मी. दिया गया है ।

निर्यात कीमत

प्राधिकारी ने निर्यात कीमत के संबंध में निर्यातक द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी पर परिशिष्ट 2 में विचार किया है । निर्यातक ने पैकिंग, समुद्री भाड़ा, समुद्री बीमा तथा नौवहन प्रभारों के आधार पर समायोजन का दावा किया है, जिन्हें स्वीकार कर लिया गया है । प्राधिकारी ने जांच एवं सत्यापन के अधीन, मै. चियूर जियूई इंटरप्राइसेज कं.लि.के लिए चीनी ताइपेई से भारत को कारखाना द्वार स्तर पर निवल निर्यात कीमत की गणना के प्रारंभिक निर्धारण के प्रयोजनार्थ, इन समायोजनों को स्वीकार किया है ।

अंतिम निर्धारण होने तक प्रारंभिक निर्धारण के प्रयोजनार्थ, कारखाना द्वार निर्यात कीमत *** रूपए/वर्ग मी. दी गई है ।

अन्य निर्यातक/उत्पादक

क. सामान्य मूल्य

i) मै. चियूर जियूई इंटरप्राइसेज कं.लि. के अलावा चीनी ताइपेई के किसी भी निर्यातक/उत्पादक ने निर्यातक प्रश्नावली को सहयोग अथवा उत्तर नहीं दिया है । असहयोग के मद्देनजर प्राधिकारी पाटनरोधी नियमावली के नियम (6) के अनुसार, सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के आधार पर चीनी ताइपेई के सभी उत्पादकों एवं निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य का परिकलन करने के लिए बाध्य हैं ।

ii) उपरोक्त के आधार पर प्राधिकारी ने अंतिम निर्धारण होने तक, प्रारंभिक निर्धारण के प्रयोजनार्थ चीनी ताइपेई के लिए *** रूपए/वर्ग मी. परिकलित सामान्य मूल्य का निर्धारण किया है ।

ख. **निर्यात कीमत**

i) प्राधिकारी नोट करते है कि निर्यात कीमत का निर्धारण डी जी सी आई एंड एस कोलकाता से प्राप्त आंकडों के आधार पर किया गया है । पैकिंग, समुद्री भाड़ा, समुद्री बीमा और नौवहन प्रभारों के कारण समयोजन की अनुमति चीनी ताइपेई के असहयोगी निर्यातकों/उत्पादकों के लिए निवल निर्यात कीमत पर पहुंचने के लिए दी गई है ।

ii) अंतिम निर्धारण होने तक, प्रारंभिक निर्धारण के प्रयोजनार्थ, कारखाना द्वार निर्यात कीमत *** रूपए/वर्ग मी. दी गई है ।

5. 4. **पाटन - सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत की तुलना**

तुलना से संबंधित नियमावली में निम्नानुसार व्यवस्था है:-

"पाटन मार्जिन निकालते समय, निर्दिष्ट प्राधिकारी निर्यात कीमत और सामान्य मूल्य के बीच उचित तुलना करेगा । यह तुलना व्यापार के समान स्तर पर सामान्यतः कारखाना द्वार स्तर पर की जाएगी और यथा संभव उसी समयावधि के दौरान की गयी बिक्रियों के संबंध में की जाएगी जो अंतर कीमत तुलनीयता पर प्रभाव डालते हैं, उनके लिए प्रत्येक मामले में गुण-दोष के आधार पर समुचित छूट दी जाएगी, अंतर में शामिल हैं बिक्री की शर्तें, कराधान, व्यापार के स्तर, मात्राएं, भौतिक विशेषताएं तथा अन्य अंतर जो कीमत तुलनीयता को प्रभावित करने के लिए प्रदर्शित किए जाते हैं ।"

संबद्ध देशों में सभी निर्यातकों/उत्पादकों के लिए पाटन मार्जिन का मूल्यांकन करने के लिए प्राधिकारी ने जाँच अवधि के दौरान भारित औसत सामान्य मूल्य की तुलना औसत कारखाना द्वार पर भारित औसत निर्यात मूल्य से की है ।

निर्यातकों/उत्पादकों के लिए पाटन मार्जिन निम्नानुसार है:-

